प्रेरणा

जो सुख में साथ दे,
वे रिश्ते होते हैं
जो दुख में साथ दे,
वे फरिश्ते होती हैं

सच कहने की ताकत

साप्ताहिक समाचार पत्र

जालंधर ब्रीज

जल है तो
कल है

www.jalandharbreeze.com • JALANDHAR BREEZE • WEEKLY • YEAR-3 • 10 JUNE TO 16 JUNE 2022 • VOLUME-46 • PAGE-4 • RATE-3.00/- • RNI NO.: PUNHIN/2019/77863

Lic No : 933/ALC-4/LA/FN:1184

INNOVATIVE TECHNO INSTITUTE
CONSULTING | DESIGN | TRAINING

INNOVATIVE TECHNO INSTITUTE

ISO CERTIFIED 2015 COMPANY

✓ STUDY
✓ WORK
✓ SETTLE IN ABROAD

Low Filing Charges &
*Pay Money after the visa

•IELTS •STUDY ABROAD

CANADA | AUSTRALIA | USA
U.K | SINGAPORE | EUROPE

E-mail : hr@innovativetechin.com • Website : www.innovativetechin.com • FB/Innovativetechin • Contact : 9988115054 • 9317776663

REGIONAL OFFICE : S.C.O No. 10 Gopal Nagar, Near Batra Palace, Jal. HEAD OFFICE : S.C.O No. 21-22, Kuldip Lal Complex, Highway Plaza GT Road, Adjoining Lovely Professional University. Phagwara.

*T&C apply

राष्ट्रपति चुनाव 18 जुलाई को मतदान, 21 को मतगणना

• जालंधर ब्रीज.नई दिल्ली



निर्वाचन आयोग ने बृहस्पतिवार को घोषणा की कि राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव 18 जुलाई को होगा तथा मतगणना 21 जुलाई को होगी। इस चुनाव में सांसदों और विधायकों वाले निर्वाचक मंडल के 4,809 सदस्य मौजूदा राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के उत्तराधिकारी का चुनाव करेंगे। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि राष्ट्रपति कोविंद का कार्यकाल 24 जुलाई को समाप्त हो रहा है और उनके उत्तराधिकारी को इससे पहले नियुक्त किया जाना चाहिए। संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कुमार ने कहा कि चुनाव के लिए अधिसूचना 15 जून को जारी की जाएगी और 29 जून नामांकन पत्र दाखिल करने की आखिरी तारीख होगी। अभी तक किसी भी राजनीतिक दल ने शीर्ष संवैधानिक पद के लिए अपने उम्मीदवार के नाम की घोषणा नहीं की है।

कैसे होता है राष्ट्रपति का चुनाव? : भारत में राष्ट्रपति का चुनाव इलेक्टोरल कॉलेज सिस्टम के जरिए होता है, जिसमें सांसद और विधायक मतदान करते हैं। चुनाव आयोग की देखरेख में यह पूरी प्रक्रिया होती है। अब सवाल कि क्या होता है इलेक्टोरल कॉलेज? यह ऊपरी और निचले सदन के चुने हुए सदस्यों से मिलकर बनता है। साथ ही इसमें राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश की विधानसभा के चुने हुए सदस्य भी शामिल होते हैं। आंकड़ों के लिहाज से बात करें, तो इस चुनाव में 4 हजार 896 मतदाता होंगे। इनमें 543 लोकसभा और 233 राज्यसभा सांसद, सभी राज्यों के 4 हजार 120 विधायक शामिल हैं।

एक वोट की कीमत 'एक' नहीं होती : सांसदों और विधायकों की तरफ से डाले जाने वाले वोट की कीमत एक से ज्यादा होती है। एक ओर जहां लोकसभा और राज्यसभा सांसदों के वोट की कीमत 708 होती है। वहीं, विधायक के वोट की कीमत राज्यों में जनसंख्या की गणना जैसी बातों पर निर्भर करती है।

संगरुर उपचुनाव के लिए 'आप' ने तेज की तैयारियां

चंडीगढ़. संगरुर लोकसभा उपचुनाव के लिए आम आदमी पार्टी ने अपनी तैयारियां तेज कर दी है। वीरवार को 'आप' पंजाब के प्रभारी जरनैल सिंह और प्रदेश अध्यक्ष व मुख्यमंत्री भगवंत मान ने चंडीगढ़ में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और पदाधिकारियों के साथ मीटिंग कर जीत की रणनीतियों पर चर्चा की। मीटिंग में पंजाब सरकार के कैबिनेट मंत्री मीत हेयर, हरपाल सिंह चीमा, कुलदीप धालीवाल, लालजीत भुल्लर, डॉ बलजीत कौर, लालचंद कटारूचक, ब्रह्मशंकर जिंपा, हरभजन सिंह ईटीओ समेत कई विधायक मौजूद थे। इनके अलावा सभी जिलों के जिलाध्यक्ष और लोकसभा इंचार्ज भी मीटिंग में मौजूद थे। 23 जून को संगरूर उपचुनाव के लिए वोटिंग होने है। मीटिंग के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए पार्टी के पंजाब प्रभारी जरनैल सिंह ने कहा कि हमने संगठन के वरिष्ठ नेताओं के साथ संगरूर लोकसभा उपचुनाव पर चर्चा की है। संगरूर वह हल्का है जहां से हम 2014 से जीतते आ रहे हैं। इस चुनाव में भी सारे पुराने रिकॉर्ड तोड़ेंगे। 26 तारीख को हमारे हक में बहुत शानदार नतीजे आएंगे।

किसानों को राहत : सीएम ने ट्यूबवैलों का लोड बढ़ाने की फीस 2500 रुपए की

• जालंधर ब्रीज.चंडीगढ़

कृषि को फायदेमंद बनाने की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने गुरूवार को ट्यूबवैलों का लोड बढ़ाने की फीस मौजूदा 4750 रुपए से घटाकर 2500 रुपए करने का ऐलान किया है। यहाँ से जारी एक प्रेस बयान में मुख्यमंत्री ने कहा कि "हमारे राज्य के अनाज उत्पादकों को उनकी अपनी सरकार का यह एक छोटा सा तोहफ़ा है।"

मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब बुनियादी रूप से कृषि आधारित अर्थव्यवस्था रहा है और यहाँ की जनसंख्या का बड़ा हिस्सा कृषि पर निर्भर करता है। उन्होंने चिंता प्रकट की कि आज के दौर में किसान यह नहीं चाहता कि उसका बेटा खेती करे, क्योंकि कृषि में कमाई कम हो रही है। भगवंत मान ने कहा कि यह रुझान बदलने की ज़रूरत है, जिसके लिए किसानों की लागतें घटानी पड़ेंगी, जिससे कृषि फायदेमंद बने।

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों को ट्यूबवैलों का लोड बढ़ाने के लिए लगने वाली बड़ी फीस भरने में दिक्कतें पेश आ रही थीं, जिस कारण इस फीस को तकरीबन 50 प्रतिशत घटा दिया है। उन्होंने उम्मीद ज़ाहिर की कि इससे राज्य के मेहनतकश किसानों, जिन्होंने देश के अन्न भंडार में बड़ा योगदान डालकर मुल्क को खाद्य पक्ष से आत्मनिर्भर बनाया, को अपेक्षित राहत मिलेगी।

327 वीर जवान कठोर प्रशिक्षण के बाद सीआरपीएफ में शामिल

• जालंधर ब्रीज.नई दिल्ली

केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के 327 वीर जवानों ने 44 सप्ताह के बहु अनुशासनिक कठोर प्रशिक्षण के बाद ग्रुप सेंटर सीआरपीएफ जालंधर से आज एटीसी पास कर ली है। प्रशिक्षण ने सैनिकों को विभिन्न कौशलों में कुशल बनाया है ताकि वह मानसिक और शारीरिक रूप से देश के सबसे बड़े अर्धसैनिक बल सीआरपीएफ के मजबूत योद्धा बनाए जा सके। 44 सप्ताह के कठोर प्रशिक्षण ने उन्हें आंतरिक सुरक्षा की जिम्मेदारी लेने और बल के मिशन को पूरा करने के लिए तैनाती के विभिन्न क्षेत्रों में सक्षम बनाया है। प्रभावशाली पासिंग आउट परेड समारोह में, मूलचंद पंवार, आईजी, एनडब्ल्यूएस, सीआरपीएफ, चंडीगढ़ ने सलामी ली और परेड की समीक्षा की। हरजिंदर सिंह, डीआईजी, जीसी जालंधर ने अपने स्वागत भाषण में मुख्य अतिथि और आमंत्रित लोगों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने प्रशिक्षुओं का रिपोर्ट कार्ड और आंतरिक सुरक्षा बनाए रखने में सीआरपीएफ की भूमिका पर प्रकाश डाला।

सतिंदरजीत सिंह उर्फ गोल्डी के विरुद्ध रेड नोटिस जारी करने पर सीबीआई ने मीडिया रिपोर्टों पर दिया स्पष्टीकरण

नई दिल्ली. सतिंदरजीत सिंह उर्फ गोल्डी के विरुद्ध रेड नोटिस जारी करने पर मीडिया की रिपोर्टों पर सीबीआई ने स्पष्टीकरण दिया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, यह बताया गया है कि पंजाब पुलिस ने सीबीआई को 19 मई, 2022 को गोल्डी बराड़ के नाम पर इंटरपोल से रेड नोटिस जारी करने हेतु प्रस्ताव भेजा है, जिससे उसके प्रत्यर्पण का रास्ता खुल सके। यह बताया जाता है कि सीबीआई की अन्तर्राष्ट्रीय पुलिस सहयोग ईकाई, नई दिल्ली, कलर कोडेड नोटिसों को जारी करने हेतु निवेदनों सहित इंटरपोल के माध्यम से अनौपचारिक समन्वय हेतु सहयोगी कानून प्रवर्तन एजेंसियों के निवेदनों पर सहयोग करती है। आईपीसीयू, सीबीआई, इन्टरपोल के डेटा प्रोसेसिंग नियमों के अनुरूप पात्रता हेतु निवेदनों की जाँच करती है ताकि निवेदन पूर्ण हों एवं नोटिस शीघ्र जारी किया जा सके। डेटा प्रोसेसिंग हेतु नियमों के अनुसार अन्तिम रुप से नोटिस इन्टरपोल (मुख्यालय), लीयोन, फ्रांस के द्वारा जारी किया जाता है।



वर्तमान मामले में, सतिंदरजीत सिंह उर्फ गोल्डी के विरुद्ध रेड नोटिस जारी करने हेतु प्रस्ताव ई-मेल के माध्यम से जॉच ब्यूरो, पंजाब पुलिस से 30.05.2022 को दोपहर बाद 12.25 बजे (12.25 पीएम) प्राप्त हुआ। 30 मई के इस ई-मेल के साथ एक पत्र की प्रति संलग्न थी, जिसमें 19 मई अंकित है। उक्त प्रस्ताव की मूल प्रति, 30 मई को आईपीसीयू, सीबीआई, नई दिल्ली में पंजाब पुलिस से प्राप्त हुई। जरूरी पूर्व-आवश्यकताओं हेतु कार्यवाही करने के पश्चात, रेड नोटिस का प्रस्ताव शीघ्रता से इन्टरपोल (मुख्यालय), लीयोनको 2 जून को भेजा गया। पंजाब पुलिस के उपर्युक्त प्रस्ताव के अनुसार रेड-नोटिस को जारी करने हेतु निवेदन, वर्ष 2020 एवं 2021 के दौरान, प्राथमिक सूचना रिपोर्ट संख्या 409, 12 नवंबर 2020 एवं एक अन्य प्राथमिक सूचना रिपोर्ट संख्या 44, 18 फरवरी 2021 द्वारा पंजाब पुलिस के दो मामलों, दोनो प्राथमिक सूचना रिपोर्ट पुलिस स्टेशन सिटी फरीदकोट, जिला फरीदकोट द्वारा दर्ज, के सम्बन्ध हैं। यहाँ तक कि यह निवेदन 30 मई, 2022 को आई पीसीयू, सीबीआई में प्राप्त हुआ जबकि पब्लिक डोमेन की सूचना के अनुसार, सिद्धू मूसेवाला की हत्या 29 मई 2022 को हुई। ध्यान रहे कि हरविन्दर सिंह रिन्दा के विरुद्ध रेड नोटिस को जारी करने हेतु निवेदन को इन्टरपोल (मुख्यालय), लीयोन को पहले ही भेजा जा चुका है। इन्टरपोल चैनल का प्रयोग अनौपचारिक अन्तर्राष्ट्रीय पुलिस का पुलिस से सहयोग के लिए होता है एवं प्रत्यर्पण हेतु निवेदन भेजने के लिए रेड नोटिस न तो अनिवार्य है न ही प्राथमिक जरूरत, खासकर तब जब सम्बन्धित आरोपी का स्थान ज्ञात हो। सीबीआई अन्तर्राष्ट्रीय सहयोग के मामलें में सभी कानून प्रवर्तन एजेन्सियों के साथ सहयोग कर रही है एवं विभिन्न अन्तर्राष्ट्रीय चैनलों के माध्यम से यथा सम्भव तरीके से सहयोग के लिए प्रतिबद्ध है।

ट्रांसपोर्ट
विभाग

मंत्री द्वारा रोड सेफ्टी मीटिंग में दिए गए आदेशों की परवाह किये बिना धड़ल्ले से चल रहे ओवरलोडेड वाहन

अकसर देखा जाता रहा है कि प्रशासन हादसा होने के बाद तुरंत हरकत में आता है। अगर इसी तरह की चुस्ती हादसे से पहले दिखाई जाए तो कई बहुमूल्य जान बचाई जा सकती है...

जालंधर-पानीपत नेशनल हाईवे 44 पर बेखौफ दौड़ रहे ओवरलोडेड वाहन। यह न सिर्फ राष्ट्रीय राजमार्गों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। बल्कि वाहन चालकों के लिए साक्षात यमराज का किरदार निभा रहे हैं। जरुरत है इनपर समय रहते रोक लगाने की।

• जालंधर ब्रीज. विशेष रिपोर्टर

पंजाब में अकसर देखा गया है कि प्रशासन किसी हादसा होने के बाद एकदम हरकत में आता है जिसका एक उदाहरण सिद्धू मूसे वाले की मौत होने के बाद उनके कातिलों को पकड़ने के लिए प्रशासन पूरा जोर लगा रहा है।

वहीं पूरे पंजाब में सरेआम दौड़ रहे ओवरलोडेड वाहन और उनके चालक भी दूसरे वाहनों के लिए मौत बन कर बिना किसी डर के राज्यों की सड़कों पर दौड़ रहे हैं और इन्हें रोकने के लिए ट्रांसपोर्ट मंत्री लालजीत सिंह भुल्लर द्वारा पिछले दिनों की गई रोड सेफ्टी मीटिंग में सख्त निर्देश भी दिए गए थे। परन्तु मंत्री द्वारा दिए गए आदेशों की धज्जियां सरेआम ओवरलोडेड वाहन चालक उड़ा रहे हैं।

बता दें इन ओवरलोडेड वाहनों द्वारा जहां राष्ट्रीय राजमार्गों की सडकों को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। वहीं पंक्चर या टायर फटने की स्तिथि में इनका नियत्रण भी बिगड़ जाता है जिस कारण यह आसपास चल रहे दूसरे वाहन चालकों के लिए मौत का कारण बनते हैं।

जिक्रयोग्य है कि पिछले दिनों फतेहगढ़ साहिब से माथा टेक कर लौट रहा परिवार जब खन्ना के नजदीक पहुंचा तभी ट्रक चालक द्वारा अचानक ब्रेक लगाने से कंटेनर का पिछला हिस्सा साथ चल रही गाड़ी के ऊपर जा गिरा। जिसमें वाहन में सवार 2 बच्चों सहित उनकी मां की मौत हो गई और बाकी कई सदस्य घायल भी हुए थे।

इस हादसे के बाद भी सरकार का ट्रांसपोर्ट विभाग हरकत में नहीं आया और ओवरलोडेड वाहनों को रोकने के लिए किसी भी तरह के प्रयास जिलों में रीजनल ट्रांसपोर्ट ऑफिस के अधिकारियों द्वारा नहीं किए जा रहे हैं।

इसका अंदाजा इस बात से भी लगाया जा सकता है कि जालंधर आरटीए कार्यालय द्वारा पिछले 2 महीनों में सिर्फ 4 ओवरलोडेड वाहनों के ही चालान काटे गए हैं।

अकसर देखा जाता रहा है कि प्रशासन हादसा होने के बाद तुरंत हरकत में आता है। अगर इसी तरह की चुस्ती हादसे से पहले दिखाई जाए तो कई बहुमूल्य जान बचाई जा सकती है।

गौरतलब है कि प्रशसान द्वारा कोरोना काल के दौरान कोविड नियमों का पालन न करने वालों से करोड़ों रुपए वसूले गए थे और सरकार के खजाने को भी भरा था। लेकिन ट्रांसपोर्ट विभाग इन वाहनों पर कार्रवाई न करके जहां लोगों को मौत के मूंह में धकेल रहा है। वहीं राजस्व का भी सरकार को नुकसान हो रहा है।

हालांकि स्टेट ट्रांसपोर्ट कमिश्नर द्वारा जालंधर ब्रीज को बताया गया कि विभाग ओवरलोडेड वाहनों पर कार्रवाई कर रहा है। लेकिन लोगों का कहना है कि उन्हें ज़मीनी स्तर पर ऐसा कुछ देखने को नहीं मिल रहा। अब आने वाले दिनों में देखना होगा कि आखिर कब तक ट्रांसपोर्ट मंत्री लालजीत भुल्लर द्वारा सड़क सुरक्षा संबंधी रोड सेफ्टी में किए गए फैसलों को अधिकारी अमल में लाएंगे या हमेशा की तरह किसी वीआईपी की जान जाने के बाद ही हरकत में आते दिखेंगे।

ट्रांसपोर्ट मंत्री की अधिकारियों को दो टूक ओवर लोडिड वाहन नहीं चलेंगे

सड़क हादसों में होने वाली मौतों को प्राथमिक पड़ाव में 50 प्रतिशत तक घटाने के लिए सख़्त कदम उठाए जाएंगे : भुल्लर

• जालंधर ब्रीज. विशेष रिपोर्टर

पंजाब के परिवहन मंत्री स. लालजीत सिंह भुल्लर ने ऐलान किया कि सड़क हादसों में मौत दर घटाने के लिए पंजाब में सी.सी.टी.वी. कैमरे लगाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार राज्य में सड़क हादसों के दौरान बेवक्त जा रही मौतों से बहुत चिंतित हैं और यातायात कंट्रोल करने और सड़क हादसों के दौरान मौत दर कम करने के लिए सुप्रीम कोर्ट की कमेटी की सिफ़ारिशों की यथावत पालना करते हुए सड़कीय नियमों को लागू करवाने के लिए राज्य में ऐसे मापदंड अपनाना समय की मुख्य ज़रूरत है।

यहां पंजाब भवन में सड़क सुरक्षा ट्रैफ़िक प्रबंधन और सड़क सुरक्षा संबंधी स्थिति का जायज़ा लेने सम्बन्धी पहली मीटिंग के दौरान परिवहन मंत्री ने प्रमुख सचिव विकास गर्ग को निर्देश दिए कि वह सी.सी.टी.वी. कैमरे लगाने सम्बन्धी प्रोजैक्ट का मसौदा तुरंत तैयार करें।

के निर्देश जारी किए गए। वहीं वाहनों की पासिंग प्रणाली को मज़बूत किया जाए क्योंकि वाहनों की बुरी हालत भी हादसों का कारण बनती है। इसी तरह अन्य उपाय, जिन पर सरकार को तत्काल ध्यान की ...

भी कहा कि ट्रैफ़िक पुलिस में कांस्टेबलों की स्थायी तैनाती की जाए जिससे उनको आधुनिक ट्रैफ़िक कंट्रोल और सड़कीय सुरक्षा उपकरणों का प्रशिक्षण दिया जा सके।

स. भुल्लर ने कहा कि सड़क किनारे खड़े भारी वाहन और ट्राले अक्सर हादसों का कारण बनते हैं। उन्होंने ए.डी.जी.पी. (ट्रैफ़िक) को हिदायत की कि ऐसे वाहनों के विरुद्ध सख़्त कार्यवाही की जाए जिससे हादसों की दर को घटाया जा सके। उन्होंने ए.डी.जी.पी. (ट्रैफ़िक) को ट्रैफ़िक चैकिंग बढ़ाने और ओवर स्पीड, रैड लाईट जम्पिंग और शराब पीकर गाड़ी चलाने सम्बन्धी सुप्रीम कोर्ट कमेटी की हिदायतों की यथावत पालना यकीनी बनाने और उल्लंघन करने वालों के लायसेंस ज़ब्त करके सम्बन्धित आर.टी.ए. को भेजने के लिए कहा, जबकि स्टेट ट्रांसपोर्ट कमिश्नर विमल कुमार सेतिया को निर्देश दिए कि वह तीन महीनों के अंदर-अंदर तकनीकी और खरीद कमेटियों के द्वारा सड़क सुरक्षा उपकरणों जैसे रिकवरी वैनों, कार बॉडी

गाड़ी को ऊपर तक भर दो, हमें पूछने वाला कोई नहीं

शहर और हाइवे पर धड़ल्ले से चल रहे ओवरलोडिड वाहनों पर कोई नकेल नहीं, हादसे में जा चुकी है कई जानें

पिछले अंक में प्रकाशित खबर की कटिंग

गर्मियों में वीकेंड ट्रिप कर रहें हैं प्लान, तो कम पैसों में घूमने के लिए परफेक्ट हैं ये जगहें

मौसम का पारा बढ़ रहा है और गर्मियों की छुट्टियां खत्म होने वाली हैं। ऐसे में दोस्तों, परिवार, बच्चों के साथ अगर आप किसी ट्रिप पर जाने का प्लान बना रहे हैं, तो यह सही समय है। बच्चों के स्कूल में तो पहले से छुट्टी है ही, आप भी ऑफिस से छुट्टी ले सकते हैं या वीकेंड पर ट्रिप पर जाने का प्लान बना सकते हैं। गर्मी बहुत ज्यादा है ऐसे में अगर ठंडी जगहों पर जाना चाहते हैं तो भी आपके पास कई हिल स्टेशन के विकल्प हैं। लेकिन अगर कम समय में यानी वीकेंड में घूमने जा रहे हैं, तो किसी ऐसी जगह का चयन करें, जिसे दो से तीन दिन में एक्सप्लोर कर सकें। सबसे जरूरी है ट्रिप के लिए बजट। आप कम पैसों में ऐसी जगह पर जाना चाहते हैं, जहां आपका वीकेंड परफेक्ट गुजरे। यह है भारत के कुछ बेहतरीन जगहें...

• **जालंधर ब्रीज.** रिपोर्टर

अल्मोड़ा

वीकेंड पर उत्तराखंड के हिल स्टेशन पर जा सकते हैं। दिल्ली से उत्तराखंड का सफर कम समय में तय कर सकते हैं। उत्तराखंड में आप देहरादून या अल्मोड़ा जा सकते हैं। बस से बहुत कम किराए में आप ट्रैवल कर पाएंगे।

FAMILY TRIP

ट्रेन का किराया भी कम ही है। अल्मोड़ा की प्राकृतिक सुंदरता आपका मन मोह लेगी। बच्चों से लेकर बड़ों के लिए कई एडवेंचर एक्टिविटीज का लुत्फ उठाने को मिलेगा। यहां घूमने के लिए कई सारी जगहें भी हैं। रहने और खाने का खर्च भी अधिक नहीं है। लगभग 5 से 10 हजार में आप पूरे परिवार के साथ एक अच्छी ट्रिप प्लान कर सकते हैं।

मनाली

हिमाचल प्रदेश में भी कई पर्यटन स्थल है। कम समय और कम पैसों में आप मनाली शहर घूम सकते हैं। मनाली से कुछ किलोमीटर की दूरी पर सोलांग वैली और अटल टनल है, जहां आपको बर्फ के पहाड़ भी देखने को मिलेंगे। दिल्ली से मनाली की सैर आप तीन दिनों में आराम से करके वापस भी आ जाएंगे। 500 से 800 रुपये में आपको अच्छे होटल में बढ़िया कमरा मिल सकता है। दिल्ली से मनाली का बस का किराया 870 रुपये से लेकर 1580 रुपये तक का है।

ऋषिकेश

वीकेंड पर आप उत्तराखंड की आध्यात्मिक नगरी ऋषिकेश की सैर भी कर सकते हैं। ऋषिकेश की सुंदरता और शांति आपको सुकून देगी। कम पैसों में यात्रा करने के लिए दिल्ली से ऋषिकेश जाने वाली बस से सफर कर सकते हैं, जिसका किराया 569 रुपये है। पांच से 6 घंटे में आप ऋषिकेश पहुंच जाएंगे।

मसूरी

शुक्रवार से रविवार के बीच आप दिल्ली से मसूरी के लिए रवाना हो सकते है। यहां आप अपना वीकेंड शानदार तरीके से मना सकते हैं। 900 रुपये के खर्च में आप मसूरी पहुंच जाएंगे। यहां आपको कैंपटी फॉल घूमने को मिलेगा। कई अन्य पर्यटन स्थलों पर भी आप जा सकते हैं।

अल्मोड़ा

मनाली


ऋषिकेश


मसूरी

KNOWLADGE

17 लाख की ड्रेस पहन सारा अली खान ने ग्रीन कार्पेट पर बिखेरा जादू

आईफा अवॉर्ड्स के पहले दिन से ही बॉलीवुट एक्ट्रेसेज का ग्लैमरस लुक देखने को मिला था। जिसमे सारा अली खान भी शामिल थीं। आईफा की प्रेस कांफ्रेस से लेकर ग्रीन कार्पेट पर सारा अपने ब्यूटीफुल लुक से लाइमलाइट चुराती दिखीं। वहीं अब उनके ग्रीन कार्पेट लुक की कीमत सामने आ गई है। जिसे सुन कोई भी हैरान हो सकता है।

बॉलीवुड के सबसे बड़े अवॉर्ड शो में शामिल होने के लिए हर हसीना ने शानदार आउटफिट का चुनाव किया। जिसे देखने से ही उनके कीमती होने का एहसास हो जाता है। वहीं सारा अली खान के ब्लैक स्ट्रैपलेस गाउन की कीमत भी सामने आ गई है। दरअसल. सारा अली खान ने ग्रीन कार्पेट पर शिरकत करने के लिए काले रंग के स्ट्रैपलेस गाउन को चुना था। जिसके फोटोशूट की तस्वीरें भी सारा अली खान के इंस्टाग्राम पेज पर हैं।

सारा ने इस खास मौके के लिए नार्वे बेस्ड डिजाइनर क्रिस्टियन एडनेविक के कलेक्शन को चुना था। जिसमे ड्रामेटिक टेलु ट्रेल लगी हुई थी। वहीं इसकी फिगर हगिंग डिजाइन नाजुक लैस से तैयार की गई थी। जिसमे कॉर्सेट स्टाइल जोड़ी गई थी। वहीं पूरी ड्रेस पर कार्सेट के साथ ही क्रिस्टल बो लगा था। साथ मे कमर के पास लेदर की ब्रेडेड डिजाइन की बेल्ट ऐड की गई थी। जिसे सारा ने ब्लैक कलर के पम्प्स के साथ सेक्सी लुक दिया था।

वहीं सारा ने अपने आउटफिट को हाईलाइट करने के लिए किसी भी तरह की एक्सेसरीज को कैरी नहीं किया था। जबकि सटल स्मोकी आईज, ब्लश चिक्स के साथ ही ढेर सारा बीमिंग हाईलाइटर लगाया गया था। इस मेकअप को न्यूड शेड की लिपस्टिक के साथ पूरा किया गया था। वहीं इस पूरे लुक को स्टाइलिश हाई पोनीटेल के साथ कंप्लीट लुक दिया गया था।

सारा अली खान के इस सिजलिंग लुक पर हर किसी की निगाहें अटक गई थीं। बात करें इस गाउन की कीमत की तो वो भी बेहद हैरान करने वाली है। नार्वे के इस डिजाइनर के वेबसाइट पर इस ब्लैक स्ट्रैपलेस गाउन की कीमत लिखी है 17,500 पाउंड यानी की भारतीय रुपये में इसकी कीमत है करीब 16,96,253 रुपये। जिसे सुन होरान होना लाजिमी है।

सेहत से भरपूर ब्रोकली को सब्जी से लेकर सलाद के रूप में डाइट में करें शामिल

ब्रोकली को इन दिनों लोग अपनी डाइट में शामिल कर रहे हैं। सलाद से लेकर सब्जी के रूप में इसे खाया जा सकता है। क्योंकि दिखने में फूल गोभी जैसी ब्रोकली के कई सारे फायदे हैं। मोटापा कम करने से लेकर शुगर कंट्रोल करने में ब्रोकली मददगार होती है। वहीं ब्रोकली खाने से दिमाग की सेहत भी दुरुस्त रहती है। अगर आप भी सेहत से भरपूर ब्रोकली को डाइट में शामिल करना चाहते हैं। तो इन रेसिपी का सहारा ले सकती हैं। तो चलिए जानें ब्रोकली की सब्जी बनाने का तरीका।

ब्रोकली फ्राई : फूलगोभी की तरह ही ब्रोकली को भी बनाया जा सकता है। ब्रोकली फ्राई सब्जी को बनाने के लिए जरूरत होगी एक ब्रोकली, मक्खन एक चम्मच, अदरक, हरी मिर्च, काली मिर्च आधा चम्मच, जीरा आधा चम्मच, नमक स्वादानुसार, नींबू आधा, हरी धनिया बारीक कटी हुई।

ब्रोकली फ्राई बनाने का तरीका : ब्रोकली के फूल को काटकर अलग कर लें। साथ में इसकी डंठल को भी शामिल कर सकती हैं। अब इन सारी ब्रोकली को धोकर रख लें।

एक बर्तन में पानी को उबालें। पानी इतना हो कि सारी ब्रोकली उसमे डूब जाएं। अब उबले पानी में सारी ब्रोकली को डालकर पांच मिनट के लिए पकने दें। जब ब्रोकली पक जाएगी तो उसका हरा रंग कम हो जाएगा और वो नर्म हो जाएगी। अब सारे टुक़ड़ों को पानी से निकालकर पानी छान दें।

अब किसी पैन में मक्खन को गर्म करां। जब मक्खन गर्म हो जाए तो जीरा चटकाएं। जीरा चटकने के बाद इसमे लहसुनी छह से सात कलियों को काटकर डाल दें। इन्हें धीमी आंच पर भून लें। फिर इसमे हरी मिर्च, अदरक डालकर चलाएं। जब सब भुन जाए तो इसमे ब्रोकली के टुकड़े डाल दें। साथ में काली मिर्च और नमक स्वादानुसार डालकर चलाएं। ब्रोकली को अच्छी तरह से भूनें। जब ये अच्छे से पक जाए और सारे मसाले इसमें लिपट डाएं को गैस बंद कर दें। सबसे आखिर में नींबू का रस डालकर खाने के लिए सर्व करें। इसे बाउल में निकाल कर हरी धनिया के साथ सर्व करें।



बनाएं ब्रोकली का सलाद : ज्यादातर ब्रोकली को सलाद के रूप में ही खाते हैं। तो अगर आप इसे सलाद के रूप में खाना चाहते हैं। तो इसका सलाद बनाने के लिए चाहिए ब्रोकली, हरी धनिया, ताजे पुदीने के पत्ते, बादाम. अदरक, नींबू का रस, ऑलिव ऑयल, काली मिर्च, नमक।

सलाद बनाने की विधि : ब्रोकली के सारे फूलों को छोटे टुकड़ों में काट लें। साथ में इसकी डंठल को भी काटकर रख लें। फिर इन सबको पानी में डालकर अच्छी तरह से धो दें। ब्रोकली को ऊपर बताए गए तरीके से पानी में पका लें। इस बार ब्रोकली के साथ ही बादाम को भी पका लें। जब तक ब्रोकली पक रही है। उतनी देर में पुदीने के पत्ते को बारीक काट लें। अब ब्रोकली को किसी बाउल में निकालकर उसमे ताजे पुदीने के कटे पत्ते और अदरक के छोटे टुकड़ों को डाल दें। साथ में कुटी हुई काली मिर्च, नमक स्वादानुसार, नींबू का रस और ऑलिव ऑयल डालकर मिक्रस कर लें। बस तैयार है ब्रोकली का सलाद।



नहीं छोड़ पा रहे धूम्रपान तो इन योगासनों की मदद से होगा आसान

कपालभाति प्राणायाम

सिगरेट, तंबाकू की आदत छोड़ने के लिए कपालभाति प्राणायाम का नियमित अभ्यास मदद करेगा। कपालभाति करने से रक्त परिसंचरण में सुधार होता है और केंद्रीय तंत्रिका तंत्र (सीएनएस) व्यवस्थित होती है। इस योग से मस्तिष्क की शक्ति को बढ़ावा मिलता है और धूम्रपान करने की इच्छा कम होने लगती है। मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए कपालभाति का अभ्यास करें।

बालासन योग

धूम्रपान करने की आदत को छोड़ने के लिए बालासन का अभ्यास भी फायदेमंद है। इस आसन से तंत्रिका तंत्र और तनाव को शांत करने में मदद मिलती है। पेट और कमर की समस्याओं के लिए बालासन योग लाभकारी है। इस आसन के नियमित अभ्यास से मांसपेशियों को आराम मिलता है और शरीर को ऊर्जावान बनाए रखने में मदद मिलती है।

भुजंगासन

बहुत अधिक स्मोक करते हैं या गुटखा आदि का सेवन करते रहते हैं लेकिन आप इस आदत को छोड़ने की कोशिश कर रहे हैं। हालांकि लत के कारण आप अपने मन पर कंट्रोल नहीं कर पाते तो भुजंगासन योगाभ्यास करें। धूम्रपान से निकोटीन की आदत छूट सकती है। वैसे इस आसन से पीठ और कमर की समस्या से भी राहत मिलती है।

नोट : *यह लेख योग गुरु के सुझावों के आधार पर तैयार किया गया है। आसन की सही स्थिति के बारे में जानने के लिए किसी विशेषज्ञ से संपर्क कर सकते हैं।*

बाल गंदे हैं या साफ, इन तरीकों से पहचान कर करें हेयर वॉश

HAIR CARE TIPS

आपको इस बात की पहचान भी करनी आनी चाहिए कि आपके बाल गंदे हैं या नहीं ताकि उसी के मुताबिक आप हेयर वॉश कर सकें।

महिला हो या पुरुष बाल दोनों के लुक को प्रभावी बनाते हैं। ऐसे में बालों की केयर सही तरीके से करने की जरूरत होती है। लेकिन कई कारणों से लोगों के बाल झड़ने लगते हैं या सफेद होने लगते हैं। हेयर केयर रूटीन के लिए अक्सर ही लोगों का सवाल रहता है कि बालों को कितनी बार धोना चाहिए। कहा जाता है कि ज्यादा बाल धोने से बालों की नमी खत्म हो जाती है और वह खराब हो जाते हैं। वहीं हेयर वॉश न करने से भी बाल झड़ने लगते हैं। ऐसे में लोग कंफ्यूज रहते हैं कि हफ्ते में कितनी बार और कब बाल धोने चाहिए। गर्मी के दिनों में लोग जल्दी जल्दी बाल धोते हैं। पुरुष तो नहाते समय हमेशा ही शैंपू करते हैं। ऐसे में आपको बाल धोने से पहले ये जान लेना चाहिए कि हफ्ते में कितनी बार बाल धोने चाहिए और हेयर वॉश करने का सही तरीका क्या है?

कैसे करें गंदे बालों की पहचान?

• अगर ऑयली स्कैल्प है, तो अक्सर ही हेयर वॉश करने के एक दिन बाद आपके बालों में तेल दिखने लगता है। इससे बाल चिपचिपे नजर आते हैं। ऐसा होने पर आपको बाल धो लेने चाहिए।

• बालों में स्कैल्प की त्वचा निकलने लगे या जरा से सिर खुरचने व खुजलाने पर नाखूनों में गंदगी दिखने लगे तो समझिए आपके बाल गंदे हैं और उन्हें वॉश करने की जरूरत है।

• अगर आप लंबे समय से बाल नहीं धो रही तो बालों में गांठ बनने लगती हैं। बाल जरूरत से ज्यादा उलझने लगे तो आपको बालों में शैंपू करना चाहिए।

• रोजाना बाल धोने से बाल झड़ने लगते हैं या रूखे और बेजान हो सकते हैं। इसलिए बहुत ज्यादा दिनों तक बालों को बिना धोए न रहें।

• अगर आप रोजाना बाल नहीं धोना चाहते लेकिन कम वक्त में ही आपके बाल तैलीय दिखने लगते हैं तो ड्राई शैंपू का इस्तेमाल कर सकते हैं लेकिन ड्राई शैंपू इमरजेंसी के लिए रखें। इसे हमेशा इस्तेमाल न करें।

• बालों को न को ज्यादा धोना चाहिए न तो कम। इतना हेयर वॉश करें कि सिर में तेल की मात्रा नियंत्रित रहे, बढ़ न सके।

बालों के टाइप से जानें कब करें हेयर वॉश

• ड्राई बाल हैं तो हफ्ते में दो या तीन बार से ज्यादा हेयर वॉश नहीं करना चाहिए।

• ऑयली बाल हैं तो हेयर वॉश करने के अगले दिन से ही उसमें तेल महसूस होने लगता है। ऐसे में ऑयली बाल होने पर हफ्ते में 5 दिन भी बाल धोए जा सकते हैं।

• फ्रिजी बालों को हफ्ते में दो से तीन बार धो सकते हैं। ज्यादा धोने से फ्रिजी बाल ज्यादा ड्राई हो जाते हैं।

• कर्ली बालों को ज्यादा धोने से वह फ्रिजी और डैमेज हो सकते हैं। इसलिए कर्ली बालों को हफ्ते में दो-तीन बार ही धोना चाहिए।

बालों को धोने का सही तरीका

• अगर बाल गंदे हैं या तैलीय व चिपचिपे लगें तो शैंपू कर सकते हैं।

• बालों को शैंपू करने के अलावा उन्हें नॉर्मल पानी से गीला करके भी धो सकते हैं।

• गर्मियों में पसीने के कारण आपको बाल धोने की जरूरत महसूस होती है। ऐसे में शैंपू न करके आप सामान्य पानी से हेयर वॉश कर सकते हैं।

NEWS +

उत्तर कोरिया हुआ 'शर्मसार'! मिसाइल टेस्ट में अपने ही शहर को बना दिया निशाना, तानाशाह किम इस बड़ी 'चूक' से दुखी

उत्तर कोरिया ने रविवार को कुछ छोटी-रेंज वाली बैलिस्टिक मिसाइलों का परीक्षण किया। दक्षिण कोरिया के ऑब्जर्वर ने इसकी जानकारी दी। वह अक्सर ही ऐसा करता रहता है। लेकिन अब मिसाइल परीक्षण को लेकर एक हैरान करने वाली जानकारी सामने आई है। दरअसल, उत्तर कोरिया द्वारा जिन मिसाइलों का परीक्षण किया गया, उनमें से एक मिसाइल ने उत्तर कोरिया के खुद के ही एक शहर को निशाना बना दिया। माना जा रहा है कि उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन इस बड़ी चूक से खासा दुखी रहे। अमेरिका और दक्षिण कोरिया के रक्षा सूत्रों ने बताया कि उत्तर कोरिया लगातार हथियारों का प्रदर्शन कर रहा है। माना जा रहा है कि वह परमाणु मिसाइलों का भी टेस्ट कर सकता है।

दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ ने कहा कि पश्चिमी और पूर्वी तटीय क्षेत्रों और राजधानी प्योंगयांग के दो इलाकों से मिसाइलों को लॉन्च किया गया। कुल मिलाकर चार लोकेशन से 35 मिनट में आठ मिसाइलों को दागा गया। ये टेस्ट रविवार को किए गए थे। वहीं, मिसाइल द्वारा उत्तर कोरिया के शहर को निशाना बनाने की बात 2017 की है। इन मिसाइलों को जानबूझकर समुद्र में दागा गया, लेकिन उत्तर कोरिया की इन मिसाइलों की सटीकता को लेकर सवाल खड़ा हुआ। अमेरिका ने कहा कि उत्तर कोरिया द्वारा दागी गई एक मिसाइल उसके एक शहर पर जाकर गिर गई। लॉन्च के कुछ महीने बाद ही आई तकनीकी गड़बड़ी की वजह से ऐसा हादसा हुआ।

दो लाख की आबादी वाले शहर पर गिरी मिसाइल : अमेरिका की मानें तो ह्वासोंग-12 इंटरमीडिएट-रेंज बैलिस्टिक मिसाइल (ह्वासोंग-12 इंटरमीडिएट-रेंज बैलिस्टिक मिसाइल को) को 2017 में दागा गया। लेकिन ये बीच हवा में ही खराबा हो गया। ये मिसाइल उत्तर कोरिया के टोकचोन शहर पर जाकर गिर गई। ये शहर राजधानी प्योंगयांग से 90 मील की दूरी पर स्थित है और इसकी आबादी दो लाख के करीब है। बताया गया कि पुकचांग एयरफील्ड से लॉन्च होने के बाद मिसाइल ने उत्तरपूर्व में 24 मील तक उड़ान भरी। इसने 43 मील की ऊंचाई को तय किया। लेकिन अचानक ही मिसाइल में तकनीकि खामी आ गई और फिर ये एक दम से शहर पर जाकर गिर गई। किम इस मिसाइल हादसे से खासा दुखी थी। गौरतलब है कि उत्तर कोरिया अमेरिका की तरफ झुकाव रखने वाले जापान और दक्षिण कोरिया को डराने के लिए अक्सर ही मिसाइलों का टेस्ट करता रहता है। वह परमाणु परीक्षण भी करता रहता है। यही वजह है कि दुनियाभर के देशों ने उस पर प्रतिबंध लगाया हुआ है। लेकिन इसके बावजूद भी वह अवैध तरीके से फंडिंग जुटाकर हथियारों को बनाने में लगा हुआ है।

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने हरियाणा के पंचकूला में खेलो इंडिया यूथ गेम्स-2021 का शुभारंभ किया

जालंधर ब्रीज. मुझे इस बात का हर्ष है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने इन खेलों के आयोजन का मौक़ा इस बार हरियाणा को दिया है जो एक तरह से पूरे देश की खेल कैपिटल है।

खेलो इंडिया गेम्स का ये चौथा संस्करण है और ये खेल पूरे देश के खिलाड़ियों को मंच देने में सफल रहे हैं।

हमारी सरकार ने इन खेलों का चरणबद्ध आयोजन करके खिलाड़ियों को मंच प्रदान करने का काम किया है।

पूरा देश हरियाणा के खिलाड़ियों पर गर्व और अभिमान करता है कि उन्होंने देश को कई मेडल दिलाए हैं।

5 शहरों में 4 से 13 जून तक खेले जाने वाले ये खेल सिर्फ़ एक स्पर्धा नहीं है, बल्कि भारत के खेलों और खिलाड़ियों को दुनिया में अहम स्थान पर पहुंचाने की सीढ़ी हैं।

देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी 8 सालों में हर क्षेत्र में भारत विश्व में प्रथम स्थान पर हो, इस प्रकार काम करके देश का सम्मान बढ़ाया है। देशभर में खेल का इन्फ्रास्ट्रक्चर बनाने, खेल संघों को मज़बूती देने, पारदर्शी तरीक़े से खिलाड़ियों का चयन, उनकी ट्रेनिंग और कोचिंग को बल देने का काम देश के प्रधानमंत्री ने किया है। विगत दिनों में जितनी भी खेल स्पर्धाएं हुई हैं, वो बताती हैं कि मोदी जी ने खेल के क्षेत्र में जो भी प्रयास किए हैं उनके परिणाम अब दिखने लगे हैं। 2014 में खेल मंत्रालय का बजट 866 करोड़ रूपए था जिसे 2022 में बढ़ाकर 1993 करोड़ रूपए करने का काम देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने किया है। 2016 ओलंपिक में दो पदक के बाद 2021 में सात ओलंपिक पदक हमारे खिलाड़ी जीते हैं, 2016 पैरालंपिक में 4 से बढ़कर 2021 में 19 पदक जीते हैं।

ब्राज़ील के 2017 डेफ़ ओलंपिक में 5 पदक से बढ़कर 2022 में हमारे खिलाड़ियों ने 16 पदक जीते, 2014 राष्ट्रमंडल खेलों में 15 स्वर्ण पदक मिले थे जबकि 2018 में 26 स्वर्ण पदक हमारे खिलाड़ियों ने जीते हैं।

2014 एशियाड में 57 से बढ़कर 2018 में 70 पदक हमारे खिलाड़ी लाए, पहली बार थाईलैंड में थॉमस कप जीतकर हमने रिकॉर्ड बनाया है।

खिलाड़ियों से कहना चाहता हूं कि पानी से नहाने वाले सिर्फ़ दिखावट बदलते हैं लेकिन जो पसीने से नहाते हैं वो इतिहास बदलते हैं।

इन खेलों का दसवां संस्करण आते-आते भारत ज़रूर ओलंपिक पदक तालिका में एक से पांचवे स्थान के बीच दिखाई देगा।

आरबीआई ने लिया बड़ा फैसला, अब 15 हजार तक ऑटो डेबिट के लिए नहीं होगी ओटीपी की जरूरत

• **जालंधर ब्रीज.** दिल्ली

रिजर्व बैंक मॉनिटरी पॉलिसी कमिटी की बैठक में लिए गए फैसले के बारे में बताते हुए गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि सेंट्रल बैंक ने ऑटो डेबिट यानी रेकरिंग पेमेंट के लिए खुद-ब-खुद होने वाले भुगतान की लिमिट 5000 रुपए से बढ़ाकर 15000 रुपए कर दिया है। यह ट्रांजैक्शन कार्ड या फिर यूपीआई की मदद से पूरी की जाती है।

आरबीआई ने 1 अक्टूबर 2021 को क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड और यूपीआई की मदद से रेकरिंग पेमेंट के लिए ओटीपी ऑथेंटिकेशन जरूरी किया था। वर्तमान नियम के मुताबिक, अगर 5000 से कम रुपए का रेकरिंग ट्रांजेक्शन किया जाता है तो इसके लिए वन टाइम ऑथेंटिकेशन की जरूरत होती है। उसके बाद यह मंथली आधार पर ऑटो मोड में काम करता है। हालांकि, उससे ज्यादा वैल्यु का ट्रांजैक्शन करने पर ओटीपी अनिवार्य होता है। अब इस लिमिट को 15000 रुपए कर दिया गया है। इसका मतलब, पंद्रह हजार रुपए तक का रेकरिंग ट्रांजैक्शन के लिए हर बार ओटीपी की जरूरत नहीं होगी। उससे ज्यादा का ट्रांजैक्शन करने पर ओटीपी की जरूरत होगी।

झुलसाने वाली गर्मी से राहत नहीं, पंजाब-दिल्ली समेत कई राज्यों में लू का कहर

• **जालंधर ब्रीज.** दिल्ली

देश के उत्तर और मध्य भारत के ज्यादातर हिस्से इस समय झुलसाने वाली गर्मी से झुलस रहे हैं और उन्हें इस मामले में फिलहाल राहत मिलने की कोई संभावना भी नहीं दिख रही है। पश्चिमोत्तर भारत और मध्य भारत कल मंगलवार को लू की चपेट में रहे और उत्तर प्रदेश के बांदा जिले में अधिकतम तापमान 46.6 डिग्री सेल्सियस रहा और यह सबसे गर्म स्थान रहा। ध्यान देने वाली बात यह है कि अगले 3 तीनों यानी शुक्रवार तक ऐसी चिलचिलाती गर्मी से किसी राहत के कोई आसार नहीं हैं।

राजस्थान, हरियाणा, पंजाब, मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश और छत्तीसगढ़ के कम से कम 37 शहरों और नगरों में अधिकतम तापमान 44 डिग्री के ऊपर रहा। इस बीच दक्षिण पश्चिम मॉनसून तमिलनाडु, पुडुचेरी और कराईकाल एवं बंगाल की खाड़ी के दक्षिण पश्चिम एवं पश्चिम मध्य हिस्सों में आगे बढ़ा। मॉनसून के कम से कम अगले एक हफ्ते में कमजोर रहने के आसार हैं और 15 जून के बाद ही उसके रफ्तार पकड़ने के बाद अच्छी वर्षा की संभावना जताई जा रही है।

दिल्ली में पारा रहा 46 के पार : दिल्ली और आसपास अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से तीन डिग्री ज्यादा रही। मौसम कार्यालय का कहना है कि अगले दो-तीन दिनों तक पश्चिमोत्तर एवं मध्य भारत में अधिकतम तामपान में किसी बड़े बदलाव की कोई गुजाइंश नहीं है और उसके बाद पारा दो से तीन डिग्री तक लुढक सकता है।

दिल्ली के ज्यादातर हिस्सों में कल मंगलवार को लगातार पांचवें दिन लू का प्रकोप बना रहा और अगले दो दिन तक हालात समान रहने के आसार हैं। मौसम विशेषज्ञों ने कहा कि

ताजा पश्चिमी विक्षोभ से सप्ताहांत तक कुछ राहत मिल सकती है। दिल्ली के आधार स्टेशन, सफदरजंग स्थित वेधशाला, में अधिकतम तापमान 43.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से तीन डिग्री ज्यादा रहा।

कई राज्यों में लू चलने की संभावना : दिल्ली के 11 मौसम केंद्रों में से पांच ने कल भीषण गर्मी की स्थिति दर्ज की। मुंगेशपुर और स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में अधिकतम तापमान 46.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जिससे ये राजधानी में सबसे गर्म स्थान रहे। वहीं पीतमपुरा, नजफगढ़ और रिज में अधिकतम तापमान क्रमश: 45.7 डिग्री सेल्सियस, 45.9 डिग्री सेल्सियस और 44.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

भारत मौसम विज्ञान विभाग ने इससे पहले मंगलवार को राजधानी में अलग-अलग स्थानों पर भीषण गर्मी की चेतावनी देते हुए 'येलो अलर्ट' जारी किया था।

दक्षिण में मौसम रहेगा मेहरबान, होगी बारिश : भारत मौसम विज्ञान विभाग ने कहा कि जम्मू संभाग, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाण-दिल्ली और पूर्वी मध्य प्रदेश में 7-9 जून के दौरान अलग-अलग स्थानों पर लू की आशंका है। मौसम विभाग ने कहा कि उत्तर प्रदेश, झारखंड और पश्चिम मध्य प्रदेश में आज बुधवार को लू चलने का एहसास हो सकता है जबकि अरब सागर से दक्षिण प्रायद्वीप भारत की ओर पछुआ हवा चलने के कारण कर्नाटक, केरल और लक्षद्वीप में अगले पांच दिनों तक गरज के साथ बौछारें और आसमान में बिजली चमक सकती है।

विभाग का कहना है कि भीषण गर्मी कमजोर लोगों-शिशुओं, बुजुर्गों और पुरानी बीमारियों से ग्रस्त लोगों के लिए मध्यम स्तर की स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं को जन्म दे सकती है। मौसम विभाग ने लोगों को गर्मी के जोखिम से बचने, हल्के रंग के ढीले सूती कपड़े पहनने और बाहर निकलने पर सिर को कपड़े या टोपी से ढकने की सलाह दी है।

खीर भवानी के भक्त हैं कश्मीरी पंडित... रावण भी करता था देवी की पूजा और मंदिर का कुंड करता है ये भविष्यवाणी

कश्मीर में खीर भवानी मेले की शुरुआत हो गई है, जहां बड़ी संख्या में कश्मीर पंडित पूजा करने आ रहे हैं। ऐसे में जानते हैं देवी के मंदिर से जुड़ी मान्याएं...

जम्मू कश्मीर में मशहूर खीर भवानी मेले की शुरुआत हो गई है। टारगेट किलिंग की घटनाओं के बीच इस बार सुरक्षा का खास इंतजाम किया गया है। माता खीर भवानी कश्मीरी पंडितों की कुलदेवी हैं और मेले में बड़ी संख्या में कश्मीरी हिंदू यहां आते हैं। कहा जाता है कि कश्मीर में बाबा बर्फानी के बाद सबसे बड़ा मेला खीर भवानी का होता है और जब भी मेला लगता है तो बड़ी संख्या में लोग यहां आते हैं। वैसे दो साल से कोरोना वायरस की वजह से मेले का आयोजन नहीं हुआ है, लेकिन इस साल धूमधाम से मेले का आयोजन हुआ है और सुरक्षा का भी खास ध्यान रखा गया है।

ऐसे में जानते हैं खीर भवानी मंदिर से जुड़ी खास बातें और इस मंदिर से जुड़ी मान्यताओं के बारे में... दरअसल, इस मंदिर की स्थापना से भगवान हनुमान की कहानी जुड़ी है और रावण के भी इस देवी का भक्त होने की बात कही जाती है। तो जानते हैं आखिर क्यों इस मंदिर का नाम खीर है और मंदिर मेले से जुड़ी कुछ खास बातें...

खीर का चढ़ता है प्रसाद : यह मंदिर कश्मीर के जिला गांदरबल के तुलमुला इलाके में है, जहां मां खीर भवानी का मंदिर है। जम्मू और कश्मीर में अमरनाथ यात्रा के बाद खीर भवानी मंदिर अधिक लोकप्रिय तीर्थों में से एक है। यहां हर साल ज्येष्ठ अष्टमी को मेले का आयोजन होता है। खीर भवानी देवी की पूजा करीब सभी कश्मीरी हिन्दू करते हैं। अगर इसके नाम की बात करें तो यहां खीर का प्रसाद चढ़ने की वजह से इसे खीर भवानी कहा जाता है। बता दें कि जम्मू-कश्मीर के महाराजा प्रताप सिंह और हरि सिंह ने इस मंदिर का निर्माण करवाया और जीर्णाद्धार किया था।

बता दें कि खीर भवानी के रूप में यहां देवी दुर्गा विराजित हैं। स्थानीय लोगों में यह मंदिर महारज्ञा देवी, राज्ञा देवी मंदिर, रजनी देवी मंदिर और राज्ञा भवानी मंदिर के नाम से भी प्रसिद्ध है। देवी को पारंपरिक रूप से वसंत ऋतु में खीर चढ़ाई जाती है। हिंदुओं के साथ ही गैर-हिंदुओं की भी यहां भारी आस्था है और बहुत से लोग पूजा-अर्चना के लिए आते हैं। यहां तक कि राजनीतिक हस्तियों ने माता के दर पर मत्था टेका है।

हनुमान जी ने देवी को किया था स्थापित : मान्यता है कि रावण इस देवी का उपासक था और रावण की भक्ति से प्रसन्न होकर महारज्ञा नाम की देवी प्रकट हुई थी। कहा जाता है कि जब रावण ने देवी सीता का हरण किया था, तब रावण से नाराज होकर माता खीर भवानी लंका से कश्मीर आ गई थीं। कहा जाता है कि देवी ने हनुमान से अनुरोध किया था और उन्हे दूसरे स्थान पर स्थापित करने के लिए कहा था और उसके बाद हनुमान जी ने उनकी प्रतिमा को कश्मीर के तुलमुल जगह पर स्थापित कर दिया था

पानी का रंग बदल जाता है? : ऐसा कहा जाता है कि जब भी कश्मीर पर कोई आफत आने वाली होती है तो माता खीर भवानी इसका संकेत देती है। माना जाता है कि संकट के समय इस मंदिर में स्थित कुंड का रंग बदल जाता है। इस कुंड के रंग को बदलने को लेकर कई लोकल कहानियां भी फेमस है।

इंसान के होठों का रंग लाल या गुलाबी ही क्यों है



इंसान के होठों का रंग उनकी स्किन टोन जैसा नहीं होता। इसका रंग लाल, गुलाबी या इससे मिलता-जुलता होता है। कभी सोचा है कि ऐसा क्यों होता है। इसका जवाब इंग्लैंड की लोबोरो यूनिवर्सिटी में ह्यूमन बायोलॉजी के प्रोफेसर नोएल कैमरॉन ने दिया है। उनका कहना है, होंठ शरीर का बेहद संवेदनशील अंग होता है। इसके कई ऐसे काम हैं जो आमतौर पर लोग नहीं जानते। जानिए, इनका रंग ऐसा क्यों होता है और इसके काम क्या हैं...

लाइव साइंस की रिपोर्ट के मुताबिक, होंठ की त्वचा शरीर की स्किन के मुकाबले काफी पतली होती है। इसकी स्किन के पीछे खून की लाखों नलियां होती हैं जो लाल रंग की होती हैं। यही होठों को लाल दिखाने का काम करती है। होठों पर स्किन का रंग क्यों नहीं चढ़ता है, अब इसे भी समझ लेते हैं।

चेहरे की त्वचा पर कोशिकाओं की 16 पर्त होती हैं, जबकि होंठों पर मात्र 3 से 4 पर्तें होती हैं। इसलिए इनका रंग हल्का होता है। इसके अलावा स्किन के रंग के लिए जिम्मेदार मिलेनोसाइट्स की संख्या होंठ की स्किन पर कम होती है। इसलिए मिलेनोसाइट्स से जो रंग स्किन को मिलता है वो होठों को नहीं मिलता। होठों की स्किन पतली होने के कारण इससे जुड़ी खून की लाल नलियां इसे लाल या गुलाबी रंग देती हैं।

सिद्धू मूसेवाला मर्डर का महाराष्ट्र कनेक्शन, मुंबई अंडरवर्ल्ड डॉन अरुण गवली उर्फ डैडी का नाम सामने आया

पंजाब पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक संतोष जाधव को खास तौर से मुंबई से बुलाया गया था। जाधव मुंबई अंडरवर्ल्ड के अरुण गवली गैंग का गुर्गा है।

• **जालंधर ब्रीज.** दिल्ली

पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड का महाराष्ट्र कनेक्शन अब मुंबई अंडरवर्ल्ड डॉन के साथ जुड़ गया है। इस केस में गैंगस्टर अरुण गवली उर्फ डैडी का नाम सामने आ रहा है। पंजाब पुलिस ने जिन आठ शार्प शूटर्स की पहचान बताई है, उनमें एक नाम संतोष जाधव का है। जाधव पुणे का रहने वाला है और गवली गैंग का गुर्गा बताया जा रहा है। पंजाब पुलिस द्वारा दी गई जानकारियों के मुताबिक संतोष जाधव को खास तौर से मुंबई से बुलाया गया था। 29 मई की शाम 5.30 बजे सिद्धू मूसेवाला पर चालीस राउंड गोलियां दाग कर उनकी हत्या कर दी गई थी। मूसेवाला के शरीर में 19 जख्मों के निशान मिले थे।

संतोष जाधव के साथ ही महाराष्ट्र से सौरभ महाकाल को भी पंजाब के मानसा इलाके में बुलाया गया था। पंजाब पुलिस ने इस मामले में आगे की जांच के लिए महाराष्ट्र और मुंबई पुलिस से मदद मांगी है। डॉन अरुण गवली फिलहाल जेल में है।

गुनाहों की दुनिया का 'डैडी', दाऊद इब्राहिम से पंगा लेने वाला अरुण गवली : मुंबई अंडरवर्ल्ड में 90 के दशक में डॉन अरुण गवली को सुपारी किंग कहा जाता था। सफेद टोपी और सफेद कुर्ता पहनने वाले गवली का अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम के साथ छत्तीस का आंकड़ा था। बताया जाता है कि अरुण गवली ने ही अपने शूटर से दाऊद इब्राहिम के बहनोई की हत्या करवाई थी। गुनाहों की दुनिया में उसे 'डैडी' के नाम से पुकारा जाता था। 1990 में मुंबई में गैंगवार के वक्त दाऊद इब्राहिम और छोटा राजन जैसे डॉन देश छोड़ कर भाग गए थे। लेकिन गवली मुंबई में ही रहा।

ऐसे शुरू हुआ था डॉन डैडी का सफर, यूं टूटा था D कंपनी पर कहर : 1988 में मुंबई में पुलिस एनकाउंटर में गैंगस्टर रामा नाइक मारा गया था। इसके बाद नाइक गैंग की कमान गवली के हाथ आ गई थी। गवली को शक था कि दाऊद ने ही रामा नाइक का एनकाउंटर करवाया है। इसके बाद अरुण गवली और दाऊद इब्राहिम के बीच गैंगवार तेज हो गया। इसके बाद दाऊद दुबई से होते हुए करांची चला गया, अरुण गवली ने अखिल भारतीय सेना नाम से अपनी एक राजनीतिक पार्टी बना ली। कहा जाता है कि इससे पहले गवली शिवसेना में शामिल होना चाहता था। लेकिन तत्कालीन शिवसेना प्रमुख बालासाहेब ठाकरे ने उन्हें अपनी पार्टी में लेने से मना कर दिया था। गवली ने 2004 में मुंबई के चिंचपोकली इलाके से विधानसभा का चुनाव जीता।

संदीप उर्फ केकड़ा को पांच दिन और परबदीप को तीन दिनों कीं पुलिस रिमांड पर भेजा गया

पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला की हत्या में शामिल मनप्रीत उर्फ मन्ना, परबदीप सिद्धू उर्फ पब्बी और संदीप उर्फ केकड़ा को मंगलवार को अदालत में पेश किया गया। अदालत ने तीनों को पुलिस रिमांड पर भेजा है। केकड़ा को 11 जून तक पांच दिनों की पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। परबदीप को 9 जून तक तीन दिनों की रिमांड पर भेज दिया गया है। वहीं, पंजाब के इंफोर्मेशन एंड पब्लिक रिलेशन डिपार्टमेंट ने मंगलवार को बताया है कि हरियाणा के सिरसा के रहने वाले संदीप सिंह उर्फ केकड़ा ने गोल्डी बरार और सचिन थापन के इशारे पर मूसेवाला की हर गतिविधि पर नजर रखा। उसने हत्या से पहले मूसेवाला के साथ फैन बनकर सेल्फी ली थी और उसके निकलने की जानकारी शूटरों को दी थी। इसके कुछ देर बाद ही सिद्धू मूसेवाला की हत्या कर दी गई थी। डिपार्टमेंट ने बताया कि भठिंडा के तलवंडी साबो का रहने वाले मनप्रीत सिंह उर्फ मन्ना भी सिद्धू मूसेवाला की हत्या में शामिल था। मन्ना ने फरीदकोद के ढाईपई के रहने वाले मनप्रीत भाऊ को हत्या में इस्तेमाल करने के लिए एक टोयोटा कोरोला कार सौंपी थी। डिपार्टमेंट ने बताया कि भाऊ ने उस कार को गोल्डी बरार और सचिन थापन के करीबी सहयोगी सराज मंटू के इशारे पर संदिग्ध कार को शूटरों को दिया था। बताया गया है कि शूटरों ने हत्या के लिए इस कार का इस्तेमाल किया था। पंजाब पुलिस ने अभी तक सिद्धू मूसेवाला की हत्या में कुल मिलाकर आठ लोगों को गिरफ्तार किया है। इसके अलावा, हत्या में शामिल रहे चार शूटरों की भी पहचान कर ली गई है।

मुख्यमंत्री ने पंजाब को प्रदूषण मुक्त करने के लिए शिद्दत से कोशिशें करने के दिए निर्देश

भठ्ठों पर जिग़-ज़ैग तकनीक लागू करने के लिए विशेष मुहिम शुरू करने के लिए कहा

• जालंधर ब्रीज.चंडीगढ़

पंजाब को साफ़-सुथरा और हरा-भरा बनाने के लिए सरकार की दृढ़ प्रतिबद्धता दोहराते हुए मुख्यमंत्री भगवंत मान ने आज पंजाब प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (पी.पी.सी.बी.) को निर्देश दिया कि पंजाब को प्रदूषण मुक्त करने के लिए पूरी शिद्दत से कोशिशें की जाएँ। यहाँ सरकारी आवास में गुरूवार को हुई बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हर संभव तरीके से पंजाब को प्रदूषण मुक्त करना पी.पी.सी.बी. का कर्तव्य बनता है। उन्होंने कहा कि इस लोक कल्याण के काम में किसी भी तरह की ढील बर्दाश्त नहीं की जाएगी और पी.पी.सी.बी. को भूमि, पानी या वायु प्रदूषण का कम से कम होना सुनिश्चित बनाने के लिए कार्यवाही शुरू करनी चाहिए। भगवंत मान ने कहा कि आने वाली पीढियों के लिए पंजाब को बचाने के लिए यह काम समय की ज़रूरत है और इसमें कोई कसर बाकी नहीं रहनी चाहिए।

एक और मसले का ज़िक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने पी.पी.सी.बी. को राज्य भर में भठ्ठों पर प्रदूषण मुक्त जिग़-ज़ैग तकनीक लागू करने के लिए तत्काल बड़े स्तर पर मुहिम शुरू करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि भठ्ठे के मालिकों को प्रदूषण को बिल्कुल ख़त्म करने के लिए नयी तकनीक अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। भगवंत मान ने स्पष्ट किया कि उल्लंघन करने वाले भठ्ठों के साथ सख़्ती से निपटा जाए और उनके ख़िलाफ़ सख़्त से सख़्त कार्यवाही अमल में लाई जानी चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार लोगों को भ्रष्टाचार मुक्त और पारदर्शी प्रशासन देने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि इस दिशा में कोई भी कोताही बर्दाश्त नहीं होगी। भगवंत मान ने कहा कि पी.पी.सी.बी. की यह कार्यवाही लोगों को बेहतरीन सेवाएं प्रदान करने के लिए पूरी तरह भ्रष्टाचार मुक्त हो। मुख्यमंत्री ने पी.पी.सी.बी. अधिकारियों को बड़े उद्योगपतियों के साथ तालमेल करने और उनको अपनी इकाईयों में प्रदूषण ख़त्म करने के लिए यह प्रदूषण मुक्त तकनीक अपनाने के लिए प्रेरित करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि मुख्य उद्देश्य प्रदूषण रोकने की इस मुहिम में उद्योगपतियों को हिस्सेदार बनाने पर होना चाहिए। भगवंत मान ने पी.पी.सी.बी. को प्रदूषण के ख़िलाफ़ इस मुहिम में पूरे सहयोग और समर्थन का आश्वासन दिया।

इस मौके पर मुख्यमंत्री के अतिरिक्त मुख्य सचिव ए. वेणु प्रसाद, पंजाब प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के चेयरमैन प्रो. डॉ. आदर्श पाल विग्ग और मैंबर सचिव इंजीनियर करुनेश गर्ग मौजूद थे।

रोपड़ रेंज पुलिस ने चलाया तलाशी अभियान

18 ग्राम अफ़ीम, 7 हथियार व 21 लाख रुपए की नकदी समेत 20 संदिग्ध व्यक्तियों को पकड़ा

• जालंधर ब्रीज.चंडीगढ़./ मोहाली

लोगों में सुरक्षा की भावना पैदा करने के मद्देनजर पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के दिशा-निर्देशों पर रोपड़ रेंज पुलिस ने आज मोहाली में विशेष तलाशी मुहिम चलाई। इस मुहिम का नेतृत्व रोपड़ रेंज के डिप्टी इंस्पेक्टर जनरल ऑफ पुलिस (डी.आई.जी.) गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने की और इसको तीन जिलों के पुलिस बलों द्वारा साझे तौर पर चलाया गया, जिसमें मोहाली पुलिस का नेतृत्व एस.एस.पी. विवेक शील सोनी, फ़तेहगढ़ साहिब पुलिस का नेतृत्व एस.एस.पी. रवजोत गरेवाल और रूपनगर पुलिस का नेतृत्व एस.एस.पी. सन्दीप गर्ग द्वारा की गई।

पुलिस टीमों ने मोहाली की तीन सोसायटियों मोहाली ईडन कोर्ट, जल वायु विहार और होमलैंड में कार्यवाही करके कम से कम 20 व्यक्तियों को शक के आधार पर पकड़ा है। पुलिस ने शक के आधार पर 10 वाहनों को भी ज़ब्त किया है और 18 ग्राम अफ़ीम, 7 हथियार और 21 लाख रुपए की नकदी (इनकम टैक्स विभाग को सूचित किया गया) बरामद की। डी.आई.जी. गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने बताया कि पुलिस को भरोसे योग्य सूत्रों से सूचना मिली थी कि कुछ किरायेदार बिना सत्यापन करवाए वहां रह रहे हैं और कईयों ने तो फ्लैटों को किराये पर लेकर आगे किराये पर दिया हुआ है।

सीएम आवास के अंदर कांग्रेस नेताओं का प्रदर्शन करना शर्मनाक : आप

मलविंदर कंग ने कहा- कांग्रेस नेताओं ने बैठक के लिए नहीं मांगा समय

• जालंधर ब्रीज.चंडीगढ़

आम आदमी पार्टी (आप) ने मुख्यमंत्री आवास के भीतर कांग्रेस नेताओं द्वारा प्रदर्शन करने को शर्मनाक बताया है और इस घटना के लिए कांग्रेस पार्टी और की सख्त निंदा की। आप के मुख्य प्रवक्ता मलविंदर सिंह कंग ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए पंजाब कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजा वडिंग और विपक्ष के नेता प्रताप सिंह बाजवा को आड़े हाथ लिया और कहा कि कांग्रेस नेताओं ने मुख्यमंत्री आवास के भीतर प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री पद की गरिमा को ठेस पहुंचाई है और कानून की उल्लंघना की है।

कांग्रेस नेताओं के दावों का खंडन करते हुए, कंग ने कहा कि उन्होंने मुख्यमंत्री से मीटिंग का समय नहीं मांगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता जिस तरह भ्रष्टाचार के आरोपी व्यक्ति का समर्थन कर रहे हैं , वह 'सौ चुहे खा के बिल्ली चली हज पर' जैसा है। दरअसल, कांग्रेस नेता साधु सिंह धर्मसोत की गिरफ्तारी से डरे हुए हैं।

"कांग्रेस नेताओं द्वारा भ्रष्टाचारी नेता धर्मसोत की गिरफ्तारी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन की घटना ने उजागर कर दिया कि वे दशकों से अपने शासन के दौरान अपने भ्रष्ट नेताओं को बचा रहे थे। लेकिन अब मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व वाली 'आप' सरकार भ्रष्टाचार करने वाले किसी भी नेता को नहीं बख्शेगी।

उन्होंने कहा कि मान सरकार की भ्रष्टाचार और माफिया के खिलाफ जंग को कांग्रेस इस तरह के राजनीतिक स्टंटों से नहीं रोक सकती। मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार राज्य की शासन व्यवस्था में सुधार और पंजाब को फिर से 'रंगला पंजाब' बनाने के लिए ईमानदारीपूर्वक काम कर रही है और लगातार ऐतिहासिक फैसले ले रही है। कांग्रेसी नेताओं की इन घटिया चालों से मान सरकार अपने लक्ष्य से नहीं भटकेगी।

संगरूर में घरेलू हवाई अड्डा और कार्गो टर्मिनल होगी मेरी प्राथमिकता : केवल ढिल्लों

• जालंधर ब्रीज.चंडीगढ़

भारतीय जनता पार्टी द्वारा संगरूर लोकसभा उपचुनाव में बनाए गए प्रत्याक्षी केवल सिंह ढिल्लों ने कहा कि संगरूर में कार्गो टर्मिनल के साथ एक घरेलू हवाई अड्डा तथा मालवा बेल्ट में आर्थिक समृद्धि लाना मेरा ड्रीम प्रोजेक्ट है और इसके लिए मैंने काम करना शुरू कर दिया है। केवल ढिल्लों ने कहा कि पंजाब एक लैंडलॉक्ड राज्य है और रोजगार के साधन तथा स्थान सीमित हैं।

मालवा बेल्ट में 150 किलोमीटर के दायरे में कोई हवाई अड्डा नहीं है और लोगों को दिल्ली, अमृतसर या चंडीगढ़ तक सड़क मार्ग से ही यात्रा करनी पड़ती है और वहां से आगे हवाई यात्रा। मैं पहले ही प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी, केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह और नागरिक उड्डयन मंत्री जोयतिरादित्य सिंधिया को मालवा बेल्ट में एक हवाई अड्डे और कार्गो टर्मिनल के लिए अनुरोध कर चुका हूं। चूंकि संपूर्ण बेल्ट देश के लिए खाद्यान्न का उत्पादन करने वाला एक कृषि क्षेत्र है, इसलिए यदि यहां कार्गो टर्मिनल का निर्माण किया जाता है तो यह किसानों के लिए बहुत लाभकारी सिद्ध होगा और इससे उनकी आय में वृद्धि करेगा।

साथ ही कार्गो एयरपोर्ट इस क्षेत्र के युवाओं के लिए रोजगार पैदा करेगा। खाद्य प्रसंस्करण ईकाइयाँ पंजाब में मुख्य रूप से कृषि समाज के लिए एक उत्तम उद्योग होंगें, जिस पर वह काम करेंगें। ढिल्लों ने कहा कि आज सबसे बड़ी चिंता हमारे युवाओं के लिए रोजगार पैदा करना और ड्रग माफिया पर अंकुश लगाना है। पंजाब बहुत चुनौतीपूर्ण समय से गुजर रहा है और हर पंजाबी आज राज्य की बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर बहुत चिंतित है।

राठौर ने हिमाचल के पूर्व सीएम से की भेंट, पंजाब व हिमाचल की राजनीति पर की चर्चा

• जालंधर ब्रीज.जालंधर

भाजपा पंजाब के उपाध्यक्ष राकेश राठौर ने हिमाचल के पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल से उनके समीरपुर स्थित निवास स्थान पर भेंट की। इस दौरान उनसे पंजाब व हिमाचल प्रदेश के वर्तमान राजनीतिक परिपेक्ष में तेजी से बदलते घटनाक्रमों की चर्चा की। इस दौरान भाजपा के राष्ट्रव्यापी 8 साल सेवा सुशासन और गरीब कल्याण अभियान की भी चर्चा करते हुए कहा कि आगामी 15 जून तक चलने वाले इस अभियान के अंतर्गत देश भर में मोदी सरकार की उपलब्धियों को जनसाधरण तक पहुँचाया जा रहा है। इस पहल का उद्देश्य सरकार के प्रति लोगों की राय जानना भी है।

इसी दौरान श्री राठौर ने पंजाब के विभिन्न घटनाक्रमों के बाद जनसाधारण में बढ़ती असुरक्षा की भावना व अराजक वातावरण पर चिंता व्यक्त की। इन सब का पंजाब व हिमाचल की राजनीति पर प्रभाव व भाजपा द्वारा अपनाई जा रही रणनीति के बारे में भी चर्चा की।

आदमपुर में लगाए प्लेसमेंट कैंप में 14 युवाओं का रोज़गार के लिए चुनाव

• जालंधर ब्रीज.जालंधर

ज़िला रोज़गार और कारोबार ब्यूरो, जालंधर ने आज ब्लाक विकास और पंचायत दफ़्तर, आदमपुर में प्लेसमेंट कैंप लगाया , जिसमें 14 युवाओं का मौके पर रोज़गार के लिए चुनाव किया गया। ज़िला रोज़गार और कारोबार ब्यूरो, जालंधर के डिप्टी डायरैक्टर यशवंत राय ने बताया कि ब्यूरो की तरफ से एस.आई.एस.सक्योरिटी और इंटेलिजेंस सर्विसिज के सहयोग से यह कैंप लगाया गया था, जिसमें 27 उम्मीदवारों ने भाग लिया, जिनमें से 14 उम्मीदवारों का मौके पर रोज़गार के लिए चुनाव कर लिया गया। उन्होंने बताया कि अगला प्लेसमेंट कैंप 10 जून ब्लाक विकास और पंचायत दफ़्तर, भोगपुर में लगाया जा रहा है, जिसमें 21 से 37 साल आयु, कद 168 सेंटी मीटर, छाती 80 से 85 सेंटी मीटर, कम से -कम 10वीं पास शैक्षिक योग्यता वाले पुरुष उम्मीदवार भाग ले सकते है। उन्होंने योग्य उम्मीदवारों को कैंप में हिस्सा लेने की अपील करते कहा कि और ज्यादा जानकारी के लिए हेल्प लाईन नंबर 90569 -20100 पर संपर्क किया जा सकता है।

लोगों को सेहत सेवाएं प्रदान करने में लापरवाही न की जाए : डॉ. रमन गुप्ता

• जालंधर ब्रीज.जालंधर

सेहत विभाग लोगों तक बेहतर सेहत सेवाएं पहुंचाने के लिए यत्नशील है। इसके मद्देनजर जिला परिवार भलाई अफसर डॉ. रमन गुप्ता द्वारा ब्लॉक आदमपुर का दौरा किया गया। इस मौके पर उनके साथ जिला डेंटल अफसर, डॉ. बलजीत कौर रूबी व जिला बीसीसी को-आर्डीनेटर नीरज शर्मा भी मौजूद थे। डॉ. रमन गुप्ता द्वारा सीएचसी आदमपुर, हेल्थ वेल्नेस सेंटर्स जंडू सिंगा, मदार, धोगड़ी, चूहड़वाली, कडियाना ते चूमो की अचनचेत चेकिंग की गई। हेल्थ वेल्नेस सेंटरों में हाजरी रजिस्टर चेक करने के साथ-साथ लोगों को दी जाने वाली सेहत सेवाएं, रुटीन ओपीडी, जच्चा-बच्चा सेवाओं आदि की जांच की गई। इसे दौरान जिला परिवार भलाई अफसर डॉ. रमन गुप्ता ने हेल्थ वेल्नेस संेटरों के स्टाफ को हिदायत की कि ड्यूटी पर समय पर हाजिरी निश्चित की जाए, सेंटरों में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए।

माईग्रेटरी पल्स पोलियो राउंड के दौरान सेहत विभाग का सहयोग करने की हिदायत

• जालंधर ब्रीज. जालंधर

19 जून से शुरू हो रहे तीन दिनों के लिए पल्स पोलियो माईग्रेटरी राउंड के संबंध में जिला टास्क फोर्स की मीटिंग एडीसी (ज) अमित सरीन की अगुवाई में जिला एडमिनिस्ट्रेटिव कंप्लेकस, दफ्तर डिप्टी कमिश्नर जालंधर में हुई। इस मौके पर सिविल सर्जन जालंधर डॉ. रमन शर्मा, जिला टीकाकरण अफसर डॉ. राकेश चोपड़ा, डिप्टी मैडीकल कमिश्नर डॉ. ज्योति शर्मा, सर्विलेंस मेडीकल अफसर (डब्लयूएचओ) डॉ. गगन शर्मा, जिले के समूह सीनियर मेडीकल अफसर और अलग-अलग विभागों के प्रतिनिधी मौजूद थे।

एडीसी के द्वारा समुह विभागों को हिदायत की गई कि सेहत विभाग के साथ तालमेल कर अपना पूरा सहयोग दिया जाए तो जो 19 जून से 21 जून तक होने जा रहे पल्स पोलियो मईग्रेट्री राउंड को कामयाब बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि आम लोगों को पोलियो अभियान के बारे में ज्याद से ज्यादा जागरूक किया जाए ताकि लोग अपने 0 से 5 साल तक की उमर के बच्चों को पोलियो रोधी बूंदे पिलाने को प्रेरित हों।

ऑल इंडिया सिविल सर्विसज़ टूर्नामैंट के हॉकी, टेबल टैनिस और वॉलीबॉल टीमों के लिए ट्रायल 13 व 14 जून को

• जालंधर ब्रीज.चंडीगढ़

सैंट्रल सिविल सर्विसज़ कल्चरल एंड स्पोट्स बोर्ड द्वारा करवाए जाने वाले हॉकी, टेबल टैनिस और वॉलीबॉल के ऑल इंडिया सिविल सर्विसज़ टूर्नामैंट के लिए टीमों के चयन के लिए ट्रायलों के तरीकों का ऐलान किया गया। खेल विभाग के डायरैक्टर राजेश धीमान ने जानकारी देते हुए बताया कि ऑल इंडिया सिविल सर्विसज़ टूर्नामैंट के हॉकी (पुरूष और महिला) मुकाबले भोपाल में 21 जून से 30 जून 2022 तक करवाए जा रहे हैं। पंजाब की पुरूष और महिला हॉकी टीम के चयन के लिए ट्रायल ओलम्पियन बलबीर सिंह सीनियर अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम, सैक्टर-63, मोहाली में 13 जून को सुबह 10 बजे होंगे इसी तरह टेबल टैनिस (पुरूष और महिला) के मुकाबले आगरा में 24 से 28 जून तक होंगे। पंजाब की टीमों के ट्रायल 14 जून को पोलो ग्राउंड में सुबह 10 बजे होंगे। वॉलीबॉल के मुकाबले 24 से 28 जून तक नयी दिल्ली में होंगे। पंजाब की टीमों के ट्रायल 14 जून को पोलो ग्राउंड में सुबह 10 बजे होंगे।

इन ट्रायलों में रक्षा सेवाओं/नीम फ़ौजी संस्थाओं/केंद्रीय पुलिस बलों/पुलिस/आर.पी.एफ./सी.आई.एस.एफ./बी.एस.एफ./आई.टी.बी.पी./एन.एस.जी. आदि विभागों के कर्मचारी शर्तों के अंतर्गत कवर होने वाले कर्मचारियों को छोडक़र बाकी अलग-अलग विभागों के सरकारी कर्मचारी (रेगुलर) अपने विभागों से एन.ओ.सी. के उपरांत ही भाग ले सकते हैं।

पहले टी-20 मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका की जीत, 211 रन बनाकर भी टीम इंडिया हारी

नई दिल्ली. भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में आज पहला टी-20 मैच खेला गया। इस मैच में दक्षिण अफ्रीका ने भारत को 7 विकेट से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम ने 211 रन बनाए थे। इस जीत के लिए दक्षिण अफ्रीका को 212 रन बनाने थे। दक्षिण अफ्रीका ने इस लक्ष्य को 3 विकेट खोकर हासिल कर लिया। दक्षिण अफ्रीका की ओर से एक बार फिर से डेविड मिलर ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए मैच का रुख बदल दिया। वही रस्सी वैन डेर डूसन ने भी दूसरे छोर से अच्छी बल्लेबाजी की। मिलर और डूसन के बीच चौथे विकेट के लिए शतकीय साझेदारी हुई। इस साझेदारी ने भारत को इस मुकाबले से बाहर कर दिया। भारत की ओर से गेंदबाजी कुछ खास नहीं रही। भारत की ओर से सभी गेंदबाज काफी महंगे साबित हुए। एक वक्त आज के मुकाबले में भारत ने अच्छी पकड़ बनाई थी। लेकिन मिलर और डूसन के बीच हुई साझेदारी ने भारत से मैच छीन लिया। इसके साथ ही भारत उस रिकॉर्ड से भी चुक गया जिसके तहत वह लगातार 13 मैच जीतने का रिकॉर्ड बना सकता था। अब पांच मैचों की श्रृंखला में दक्षिण अफ्रीका 1-0 से आगे है।

फोटो-बीसीसीआई

इससे पहले आईपीएल में नाकामी का गम भुलाते हुए ईशान किशन ने 48 गेंद में 76 रन बनाकर भारत को पहले टी20 मैच में चार विकेट पर 211 रन पर पहुंचाया। उनका साथ निभाया रूतुराज गायकवाड़ ने जो खुद भी आईपीएल में फ्लॉप रहे थे। ईशान ने अपनी पारी में 11 चौके और तीन छक्के जड़े।

बायो मेडिकल वेस्ट का सुचारू ढंग से प्रबंधन बनाया जाएगा सुनिश्चित : डीसी

कहा- अलग तौर पर इकट्ठा करके रखा जाए घरों का बायो मेडिकल वेस्ट

• जालंधर ब्रीज.होशियारपुर

डिप्टी कमिश्नर सन्दीप हंस ने कहा कि जिले में बायो मेडिकल वेस्ट का सुचारू ढंग से प्रबंधन सुनिश्चित बनाया जाएगा, इसलिए प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारी एक मुहिम के तौर पर गतिविधियां सुनिश्चित बनाएं। वह आज बी.आर.जी.एफ. मीटिंग हॉल में बायो मेडिकल वेस्ट सम्बन्धी अधिकारियों को निर्देश दे रहे थे। इस मौके पर अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर (शहरी विकास) सन्दीप कुमार भी विशेष तौर पर मौजूद थे।

डिप्टी कमिश्नर ने नगर निगम को हिदायत करते हुए कहा कि कूड़ा इकट्ठा करने के दौरान घरों का बायो मेडिकल वेस्ट अलग तौर पर इकट्ठा करना सुनिश्चित बनाया जाये। उन्होंने शहर निवासियों को भी अपील करते हुए कहा कि घरों का बायो मेडिकल वेस्ट अलग तौर पर रखा जाये।

उन्होंने कहा कि इकट्ठा किया गया यह बायो मेडिकल वेस्ट पास के अस्पताल से सम्बन्धित कंपनी (बायो मेडिकल वेस्ट ट्रीटमेंट प्लांट पंगोली) द्वारा उठाया जायेगा। सन्दीप हंस ने प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों के पास से ई.टी.पी. (एफलूऐंट ट्रीटमेंट प्लांट) का जायज़ा लेते हुए कहा कि 50 बैड से ज़्यादा वाले अस्पतालों के लिए ई.टी.पी. स्थापित करना बहुत ज़रूरी है, जिससे लिक्विड वेस्ट को ट्रीट किया जा सके। उन्होंने जहाँ सिविल सर्जन को सरकारी अस्पतालों में ई.टी.पी. स्थापित करने के निर्देश दिए, वहीं इंडियन मेडिकल एसोसिएशन को प्राईवेट अस्पतालों में ज़रूरत के मुताबिक ई.टी.पी. सुनिश्चित बनाने के लिए भी कहा।

Printed, Published & Owner by ATUL SHARMA & Printed at SARANGLE PRINTERS, BASTI GUZAN JALANDHAR (PUNJAB) and Published from ATUL SHARMA, NN453 GOPAL NAGAR JALANDHAR (PUNJAB)
Editor : ATUL SHARMA*
*Responsible for selection of News under the PRB ACT. PUNHIN/2019/77863, All Rights Reserved. Reproduction in whole or in Part without permission is prohibited. All disputes shall be settled at Jalandhar jurisdiction only.